16

राजेश चौधरी (बि०प्र०से०)
आयुक्त के सचिव,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया

बिहार सरकार

आयुक्त कार्यालय,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया
फोन नं0- 06454-243198
ईमेल आई०डी०-divcom-purnea-bih@nic.in

आदेश

प्रशासन के सुदृढ़ीकरण हेतु सरकारी सेवकों के कार्यकलापों की आवधिक समीक्षा हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक 6832 दिनांक 23.07.2020 द्वारा दिशा–निर्देश निर्गत है। इसके द्वारा बिहार सेवा संहिता के नियम–74(क) एवं 74(ख)(ii) में निहित प्रावधान के आलोक में 50 वर्ष की आयु के ऊपर के सरकारी सेवकों की कार्यकलापों की आवधिक समीक्षा का निदेश परिचारित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक 4461 दिनांक 05.04.2021 द्वारा उक्त परिपत्र के आलोक में विभाग/प्रमंडल/जिला स्तर पर समिति का गठन का निदेश है।

2. उक्त निदेश के आलोक में आयुक्त के सचिव, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में एक समिति का गठन इस प्रकार की जाती है :–

(1) आयुक्त के सचिव, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।	– अध्यक्ष
(2) क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।	– सदस्य
(3) क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।	– सदस्य
(4) क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।	– सदस्य
(5) श्री पद्मानंद कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।	– सदस्य

3. उपर्युक्त समिति प्रमंडल स्तरीय कर्मियों की सूची प्राप्त कर पहली बैठक में उनके कार्यकलापों की समीक्षा करेंगे एवं सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करेंगे।

4. उक्त आदेश पर प्रमंडलीय आयुक्त, पूर्णिया का अनुमोदन प्राप्त है।

Rajesh 22/6/22
आयुक्त के सचिव
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 1820 पूर्णिया, दिनांक 22/6/22

प्रतिलिपि :– उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :– समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

Rajesh 22/6/22
आयुक्त के सचिव
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।